दुनिया के दुखियो पर यो प्यार लुटाती है.

जो प्यार लुटाती है
दुनिया के दुखियो पर यो प्यार लुटाती है.
वो अष्टबुजा वाली जगदम्बे दाती है
दुनिया के दुखियो पर यो प्यार लुटाती है.

ना इस की रेहमत का दुनिया में सानी है,
आंधी तूफानों में ये ज्योत जलाती है
दुनिया के दुखियो पर यो प्यार लुटाती है.

दरिया दिल माँ जैसा देखा न सुना कोई
किस्मत के मारो का ये साथ निभाती है
दुनिया के दुखियो पर यो प्यार लुटाती है.

पैदा होते दानव जब चंड मुंड जैसे
तो रूप बदल कर के काली बन जाती है
दुनिया के दुखियो पर यो प्यार लुटाती है.

कहे राज अनाडी माँ माँ भूखी भूखी है
भगतो की विनती सुन दोडी चली आती है
दुनिया के दुखियो पर यो प्यार लुटाती है.

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/18771/title/duniya-ke-dukhiyo-par-yo-pyar-lutati-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |